# बहुप्रतीक्षित बंधा कोल प्रोजेक्ट शुरू होने के इंतजार में

## सरकार को प्रतिवर्ष हो रहा 300 करोड़ राजस्व का नुकसान, कंपनी जमा कर चुकी है 600 करोड़ से अधिक मुआवजा की राशि

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। जिले के औद्योगिक भविष्य को नई दिशा देने वाला बहुप्रतीक्षित बंधा कोल प्रोजेक्ट आज भी शुरू होने का इंतजार कर रहा है। हैरानी की बात यह है कि कंपनी द्वारा ग्रामीणों के लिए करीब 629 करोड़ रुपये की मुआवजा राशि जमा किए जाने के बावजूद जमीन समर्पण की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है।**

प्रोजेक्ट के अधीन आ रहे गांवो की मासूम जनता को तथाकथित कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए प्रोजेक्ट के विरोध में ना केवल उकसा रहे हैं, बल्कि उन्हें भड़का कर जमीन समर्पण पत्र नहीं सौंपने दे रहे हैं। पेड़ों की कटाई का भी विरोध सुनियोजित साजिश के तहत किया जा रहा है। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही खड़ा हो रहा है कि जब जमीन का हस्तांतरण ही पूरा नहीं होगा, तो आखिर यह बहुचर्चित कोल प्रोजेक्ट जमीन पर कैसे उतर पाएगा। यही नहीं इस प्रोजेक्ट के शुरू नहीं होने से सरकार को लगभग



300 करोड़ रुपए के राजस्व का सालाना नुकसान हो रहा है। वहीं चूंकि प्रोजेक्ट क्षेत्र के ग्रामीणों द्वारा समर्पण पत्र नहीं देने की वजह से कंपनी द्वारा सरकारी खजाने में जमा 600 करोड़ रुपए का भुगतान उन्हें नहीं हो पा रहा। जिसका सीधा आर्थिक नुकसान समुदाय को हो रहा है। तीसरा और सबसे अहम नुकसान है रोजगार और आय के अन्य साधनों के सृजन का।

महत्वपूर्ण बात यह है कि कंपनी द्वारा बंधा कोल प्रोजेक्ट के अतर्गत प्रशासन द्वारा अवार्ड से अपवर्जित संरचनाओं को भी अनुदान स्वरूप एक निश्चित मुआवजे की राशि देने का फैसला किया गया है। साथ ही प्रोजेक्ट के लिए जिन 800 हेक्टेयर भूमि पर वनों की कटाई वन विभाग द्वारा की जानी है, उसके बदले प्रदेश के विभिन्न जिलों में इतनी ही जमीन सीए लैंड के तहत ली जा चुकी है और उस पर प्रतिपूरक वृक्षारोपण कराया जाएगा। प्रोजेक्ट क्षेत्र की जनता को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके, इसके लिए विस्थापित हो रहे वैसे लोगों को भी पीडीएफ योजना का लाभ दिया जा रहा है, जिनके पास जमीन का स्वामित्व नहीं था। दूसरी तरफ विस्थापितों के लिए लामिदह में 250 एकड़ जमीन पर आरएंडआर कॉलनी का निर्माण प्रगति पर है, जो स्कूल, अस्पताल, मार्केटिंग कॉम्पलेक्स, सामुदायिक भवन इत्यादि सुविधाओं से लैस होगा। लेकिन हालत यह है, तथाकथित कुछ लोग इस प्रोजेक्ट की दूसरी ही तस्वीर पेश कर रहे हैं, जो हकीकत से काफी दूर है। 3 मार्च 2021 को इस प्रोजेक्ट का आवंटन हुआ था और मई 2025 में माइनिंग लीज भी कंपनी को दे दिया गया। कोयला परियोजना के समय से चालू होने से जिस स्तर पर रोजगार का सृजन होना है।

### प्रोजेक्ट के शुरू न होने से सभी संभावनाएं अधर में

कई नागरिको का मानना है कि बंधा कोल प्रोजेक्ट को सिंगरौली और म.प्र. के सबसे महत्वपूर्ण औद्योगिक निवेशों में गिना जा रहा है। इस परियोजना से न केवल कोयला उत्पादन बढ़ने की उम्मीद है, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार, छोटे व्यवसाय और आधारभूत संरचना के विकास के नए अवसर भी पैदा होने की संभावना है। जानकारों का मानना है कि किसी भी बड़े उद्योग के आने से आसपास के क्षेत्र में प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हजारों लोगों को रोजगार मिलता है। परिवहन, ठेका कार्य, स्थानीय बाजार और सेवा क्षेत्र में भी तेजी आती है। लेकिन बंधा कोल प्रोजेक्ट के शुरू नहीं हो पाने से ये सभी संभावनाएं फिलहाल अधर में लटकी हुई हैं।

### रोजगार और औद्योगिक संभावनाओं से वंचित हो रहे लोग

सूत्रों के अनुसार कंपनी ने जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया के तहत मुआवजा राशि पहले ही जमा कर दी है, ताकि प्रभावित ग्रामीणों को समय पर भुगतान किया जा सके। इसके बावजूद जमीन समर्पण की प्रक्रिया पूरी नहीं होने से परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रही है। स्थानीय युवाओं को इस परियोजना से काफी उम्मीदें हैं। क्षेत्र के कई युवाओं का मानना है कि अगर यह प्रोजेक्ट शुरू होता है तो उन्हें अपने ही जिले में रोजगार का अवसर मिल सकता है और बाहर पलायन की जरूरत कम होगी। औद्योगिक विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह की बड़ी परियोजनाएं किसी भी पिछड़े या अर्धविकसित क्षेत्र के लिए आर्थिक बदलाव का आधार बनती हैं। बंधा कोल प्रोजेक्ट सिर्फ एक औद्योगिक परियोजना नहीं, बल्कि जिले के आर्थिक भविष्य से जुड़ी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। लेकिन जमीन समर्पण में हो रही देरी ने जिले के आद्योगिक विकास के भविष्य पर सवाल खड़े कर दिए हैं।



# भू-अर्जन अधिनियम के मुद्दे को लेकर कांग्रेसियों का हल्ला बोल

## कलेक्टोरेट, एसपी एवं डीएफओ दफ्तर पहुंच सौंपा ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। भू-अर्जन अधिनियम का पालन न किये जाने, हरिजन आदिवासी परिवारों पर फर्जी मुकदमा लगाए जाने समेत दो दर्जन विभिन्न मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने आज दिन शुक्रवार को कलेक्ट्रोरेट, एसपी एवं डीएफओ दफ्तर पहुंच शासन एवं प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुये ज्ञापन सौपा है।**

कांग्रेस पार्टी के पूर्व मंत्री बंशमणि प्रसाद वर्मा, वरिष्ठ नेता देवेन्द्र पाठक, अशोक सिंह पैगाम, रमाशंकर शुक्ला, सीपी शुक्ला, मनोज साहू समेत कई कांग्रेसी नेता आज दिन शुक्रवार को कोल ब्लॉकों के विभिन्न समस्याओं को लेकर रैली निकालते हुये प्रशासन को ज्ञापन सौपा है और कहा है कि यहां भू-अर्जन अधिनियम का पालन नही हो रहा है। बेगुनाहों पर फर्जी मुकदमे लगाए गये हैं, इसे वापस लिये जाये।

## एक नजर में

### 55 वां राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का हुआ शुभारंभ



**सिंगरौली।** सासन पावर लिमिटेड में 55 वॉ राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का शुभारंभ कम्पनी के स्टेशन डायेक्टर सुब्रातो घोष और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रसून चक्रवर्ती के द्वारा ध्वजारोहण के साथ किया गया। इस अवसर पर कम्पनी के सुरक्षा पर्यावरण एवं वॉगवानी प्रमुख जितेन्द्र प्रसाद के द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं सुरक्षा सप्ताह से सम्बंधित जानकारी उपस्थित लोगो को दी गई एवं सुरक्षा सप्ताह 4 से 10 मार्च तक आयोजित कार्यक्रमों के बारे मे बताया गया।

### नाली में घुसा हाइवा



**देवसर।** ब्लॉक मुख्यालय देवसर के विश्राम गृह मार्ग में बलदेव चौराहा के पास एक हाईवा वाहन क्रमांक यूपी 64 बीटी 0767 भस्सी परिवहन करने जा रहा था कि नाली में उसका चक्का चले जाने से धंस गये, जहां आवागमन प्रभावित हुआ। काफी मशक्कत के बाद हाईवा वाहन को बाहर निकाला गया।

### गेहूं उपार्जन के लिए अब तिथि 10 तक

**सिंगरौली।** रबी विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उत्पादन के लिये किसान भाई 10 मार्च तक पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन व्यवस्था को सहज सुगम बनाया गया है। जिले में पंजीयन केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इन केन्द्रों पर नि:शुल्क पंजीयन कराया जा सकता है। इसके साथ ही एमपी ऑनलाइन, एमपी लोक सेवा केन्द्र व कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से भी निर्धारित शुल्क देकर किसान अपना पंजीयन करा सकते हैं।




# भाजपा जिला कार्यालय में होली मिलन समारोह आयोजित

## नेताओं और कार्यकर्ताओं ने खेली फूलों-गुलाल की होली

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। रंगों के पावन पर्व होली के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय ढोंटी, विंध्यनगर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।**

इस दौरान भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी प्रेम, सौहार्द व भाईचारे का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। समारोह में सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, भाजपा जिलाध्यक्ष सुंदर लाल शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम, पूर्व विधायक सुभाष वर्मा सहित पार्टी के जिला पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, वार्ड पार्षद एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और संगठन की मजबूती के साथ क्षेत्र के विकास के लिए मिलकर काम करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों और मजीरों की धुन पर होली गीत गूंजते रहे। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पारंपरिक अंदाज में होली खेलते हुए नृत्य किया और उत्साह के साथ पर्व का आनंद उठाया। माहौल पूरी तरह रंग-गुलाल और उत्सव के रंग में सराबोर नजर आया। इस अवसर पर नेताओं ने कहा कि होली का त्योहार आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। ऐसे आयोजनों से कार्यकर्ताओं के बीच आपसी संबंध मजबूत होते हैं और संगठन को भी नई ऊर्जा मिलती है। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की।

### एनएच-139 में कार एवं बाइक के बीच टक्कर

**सिंगरौली 6 मार्च (एनबीएन)।** जिले के देवसर क्षेत्र में आज दिन शुक्रवार को देवसर-खोभा राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक्सयूव्ही 700 कार और बाइक की भिड़ंत हो गई, जिसमें एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत पुरवा निवासी सत्यम रजक उम्र 25 वर्ष पिता प्रवेश रजक बाइक से जा रहे थे, तभी एक्सयूव्ही 700 वाहन क्रमांक एमपी 53 सीए 9996 से उनकी टक्कर हो गई। हादसे में सत्यम रजक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवसर पहुंचाया।

# धवई गांव के छुरदा टोला में सड़क बनाने की मांग तेज

## कांग्रेस नेता अशोक सिंह पैगाम में प्रशासन को दिया एक महीने का वक्त, धरना देने की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**चितरंगी 6 मार्च। स्थानीय विधानसभा क्षेत्र के धवई ग्राम पंचायत अंतर्गत छुरदा टोला में सड़क की समस्या को लेकर अब जनप्रतिनिधियों पर दबाव बढ़ने लगा है। कांग्रेसी नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अशोक सिंह पैगाम ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से मुलाकात की और सड़क निर्माण की मांग को लेकर एक माह का अल्टीमेटम दिया है।**



उन्होंने कहा कि छुरदा टोला में आदिवासी सहित अन्य कई परिवार लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर मीडिया में भी मुद्दा उठ चुका है, लेकिन अब तक समाधान नहीं हो सका है। उन्होंने कहा कि यदि एक महीने के भीतर सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं होता है, तो वे ग्रामीणों के साथ इसी स्थान पर धरने पर बैठने के लिए मजबूर होंगे। आगे कहा कि सड़क की समस्या को लेकर जिला और भोपाल तक मुद्दा उठाया जाएगा। साथ ही उन्होंने चितरंगी की विधायक एवं राज्य मंत्री राधा सिंह और सांसद डॉ. राजेश मिश्रा पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व है कि वे छुरदा जैसे घनी आबादी वाले गांवों में सड़क जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराएं। अशोक सिंह ने कहा कि मीडिया में लगातार खबरें आने और सामाजिक कार्यकर्ता काजल शाह द्वारा सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को बार-बार उठाने के बावजूद अब तक मंत्री राधा सिंह गांव नहीं पहुंची हैं, जो चिंताजनक है।

# छात्र रोहित साहू का सैनिक स्कूल रीवा में हुआ चयन

## सरस्वती शिशु मंदिर देवसर में अध्ययनरत है रोहित

नवभारत न्यूज

**देवसर 6 मार्च। स्थानीय क्षेत्र के लिए गर्व की बात है कि सरस्वती शिशु मंदिर देवसर के प्रतिभाशाली छात्र रोहित साहू का चयन प्रतिष्ठित सैनिक स्कूल रीवा में हुआ है। शोभनाथ साहू के रोहित साहू सुपुत्र हैं और उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है।**



रोहित की इस उपलब्धि से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे विद्यालय और देवसर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। विद्यालय परिवार ने इसे गर्व का क्षण बताते हुए रोहित के उज्जवल भविष्य की कामना की है। शिक्षकों ने बताया कि रोहित शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी और अनुशासित छात्र रहे हैं, जिन्होंने कठिन परिश्रम और नियमित अध्ययन से यह मुकाम हासिल किया। वहीं विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों एवं साथियों ने रोहित को बधाई देते हुए कहा कि उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा बनेगी। वहीं परिजनों ने भी रोहित की उपलब्धि पर खुशी जताते हुए सभी शिक्षकों और मार्गदर्शकों का आभार व्यक्त किया है।

# गुम मोबाइल असली मालिक को लौटाया

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे साइबर जागरूकता अभियान का सकारात्मक परिणाम सामने आया है।**



अभियान से प्रेरित होकर एक युवक ने मिला हुआ मोबाइल फोन साइबर सेल को सौंप दिया, जिसे बाद में पुलिस ने उसके वास्तविक मालिक को वापस कर दिया। जानकारी के अनुसार ग्राम भुड़कुड़ निवासी अनंत लाल पनिका को 3 मार्च को थाना नवानगर क्षेत्र में एक मोबाइल फोन मिला था। मोबाइल मिलने के बाद उन्होंने जिम्मेदारी और ईमानदारी का परिचय देते हुए इसकी सूचना साइबर सेल सिंगरौली को दी। सूचना मिलने के बाद साइबर सेल ने मोबाइल के वास्तविक मालिक का पता लगाया। इसके बाद अनंत लाल पनिका ने आज दिन शुक्रवार को उक्त मोबाइल साइबर सेल को सुपुर्द कर दिया, ताकि आवश्यक जांच के बाद उसे सही व्यक्ति तक पहुंचाया जा सके।

# वार्ड प्रभारी प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली करें : सविता

## नगर निगम आयुक्त ने की राजस्व वसूली की वार्डवार विस्तृत समीक्षा

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान ने राजस्व वसूली के संबंध में समीक्षा बैठक ली।**

इस दौरान उन्होंने वसूली की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि वार्ड प्रभारी प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य के अनुसार राजस्व वसूली करें। साथ ही निर्देशित किया कि ऐसे बड़े बकायेदार जिनके द्वारा निगम द्वारा अधिरोपित करो का भुगतान नही किया जा रहा है, उनके नाम समाचार पत्रो में प्रकाशित करने के साथ उनके विरूद्ध कुर्की की



कार्यवाही करने के निर्देशित किया। निगमायुक्त ने डिप्टी कमिश्नर को निर्देशित किया कि जो बकायादार निर्धारित समय में बकाया राशि जमा नहीं कर रहे हैं, उनके विरुद्ध तालाबंदी एवं कुर्की की कार्यवाही सख्ती से की जाए। उन्होंने उपायुक्त एवं राजस्व अधिकारी आरपी बैस को निर्देशित किया कि आगामी 14 मार्च को आयोजित होने वाली लोक अदालत का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार कराकर बकायेदारो को लोक अदालत में मिलने वाली छूट का लाभ उठाने के लिए प्रेरित करें। साथ ही निर्देशित किया कि राजस्व निरीक्षको के माध्यम से सम्पत्ति कर, भू-भटक, जल कर दुकान किराया का अधिक से अधिक नोटिस तामिल कर प्रकरणो का लोक अदालत के माध्यम से निराकरण करायें। निगमायुक्त ने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड प्रभारी डिमांड के विरूद्ध मकान की संख्या एवं सम्पत्ति करदाता के संबंध में मांग पंजी से मिलान करें।

# कलेक्टर ने तीन उपखण्ड अधिकारियों के प्रभार में किया फेरबदल

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। जिला प्रशासन में कार्य व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर गौरव बैनल द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के बीच कार्य विभाजन करते हुए नई पदस्थापनाएं की गई हैं।**

इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय से आदेश जारी कर तीन अधिकारियों को नवीन पदस्थापना दी गई है। आदेश के अनुसार यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जारी आदेश के मुताबिक संयुक्त कलेक्टर अखिलेश कुमार सिंह को उपखंड अधिकारी देवसर के पद से कार्यमुक्त करते हुए कलेक्ट्रोरेट में पदस्थ किया गया है। वहीं डिप्टी कलेक्टर सौरभ मिश्रा को उपखंड अधिकारी चितरंगी से स्थानांतरित कर उपखंड अधिकारी देवसर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसी तरह डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र कुमार द्विवेदी, जो वर्तमान में तहसीलदार देवसर के पद पर कार्यरत थे, उन्हें उपखंड अधिकारी चितरंगी के पद पर पदस्थ किया गया है। प्रशासनिक कार्यों की बेहतर व्यवस्था और सुचारू संचालन को ध्यान में रखते हुए यह फेरबदल किया गया है। कलेक्टर कार्यालय द्वारा जारी आदेश में सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे तत्काल अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर उपस्थित होकर कार्यभार ग्रहण करें। अधिकारियों के नए दायित्व संभालने से क्षेत्रीय प्रशासनिक कार्यों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है। ज्ञात हो कि देवसर उपखण्ड अधिकारी अखिलेश सिंह आये दिन किसी न किसी मामले को लेकर चर्चाओं में बने रहते थे, जिससे प्रदेश सरकार एवं प्रशासन की भी किरकिरी हो रही थी।





# गड़ेरिया की छात्राओं को लगा एचपीव्ही टीका

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च।** जिला स्वास्थ्य समिति सिंगरौली द्वारा बेटियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए एक सराहनीय पहल की गई। एकलव्य और माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, गड़ेरिया की छात्राओं को उत्साह और जागरूकता के साथ एचपीव्ही वैक्सीन लगाई गई। इस अभियान का उद्देश्य बेटियों को सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से सुरक्षित रखना और समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य कर्मियों ने छात्राओं को टीकाकरण के महत्व के बारे में जानकारी दी और टीका लगने के बाद छात्राओं को टीकाकरण प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

# नवभारत की खबर का असर : सिंगरौली-प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग को लेकर सांसद हुए सक्रिय

## ढाई साल से अटकी सड़क परियोजना, एलाइनमेंट निरस्त होने के बाद नवभारत ने प्रमुखता से उठाया था मुद्दा, सीधी-सिंगरौली सांसद के प्रयासों से केंद्रीय मंत्री ने दी जानकारी

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 6 मार्च। सिंगरौली से प्रयागराज को जोड़ने वाले प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग 135 सी को लेकर एक बार फिर हलचल तेज हो गई है। करीब ढाई साल से यह सड़क परियोजना प्रस्तावित होने के बावजूद जनप्रतिनिधियों की उदासीनता से मामला लटक गया।**



अनिश्चितता के अंधेरे में प्रयागराज-सिंगरौली मार्ग

एलाइनमेंट रद्द होने के बाद दूसरी प्रक्रिया की जानकारी तक नहीं, सांसद के टालमटोल जवाब से बढ़ी नाराजगी

प्रस्तावित मार्ग में करीब तीन हजार से अधिक भवनों के निर्माण के चलते कइयों को अवैध मानकर शिकायत की गई थी, जिसमें केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पहले प्रस्तावित एलाइनमेंट को निरस्त कर दिया गया था, जिससे सड़क निर्माण की प्रक्रिया रुक गई थी। इस महत्वपूर्ण विषय को नवभारत ने प्रमुखता से उठाते हुए लगातार खबर प्रकाशित की, जिसके बाद अब



जनप्रतिनिधियों की सक्रियता भी सामने आई है। क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने इस मामले को केंद्रीय स्तर पर उठाया, जिसके बाद केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी ने पत्र के माध्यम से परियोजना की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी है। मंत्री द्वारा भेजे गए पत्र के अनुसार एनएच-135 सी मार्ग प्रयागराज से प्रारंभ होकर कोरांव, इमिलिया और हंडिया होते हुए म.प्र. के बगदरा, चितरंगी और सिंगरौली को जोड़ता है। इस महत्वपूर्ण मार्ग के विकास के लिए इसे दो लेन विद पक्के शोल्डर (2 एल+पीएस) मानक में विकसित करने का प्रस्ताव रखा गया है।

### डीपीआर तैयार कराने सलाहकार नियुक्त

मंत्रालय ने इस परियोजना के लिए डीपीआर डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करने के लिए सलाहकार की नियुक्ति कर दी है और डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया वर्तमान में प्रगति पर है। डीपीआर रिपोर्ट आने के बाद आगे की प्रशासनिक और तकनीकी कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यह सड़क परियोजना साकार होती है तो सिंगरौली और प्रयागराज के बीच आवागमन काफी सुगम हो जाएगा। साथ ही व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के लिए भी यह मार्ग क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। अब क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि लंबे समय से लंबित यह सड़क परियोजना जल्द ही धरातल पर उतर सकेगी।